प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 25.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- बालोतरा के पचपदरा स्थित रिफाइनरी से जल्द ही वाणिज्यिक उत्पादन होगा–भूखण्ड आवंटन की प्रक्रिया शुरू।
- प्रदेश में निजी मेडिकल कॉलेज अब मनमाने ढंग से फीस वसूली नहीं कर सकेंगे–राज्य सरकार ने फीस नियमों में पारदर्शिता रखने के लिए आदेश जारी किया।
- देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना का दायरा बढा–अब हर साल 1500 के स्थान पर 4 हजार 240 स्कूटी निशुल्क वितरित की जायेगी।
- केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन और एकीकृत पेंशन योजना के तहत दो और निवेश विकल्प जोड़े गये।

0000

बालोतरा के पचपदरा स्थित रिफाइनरी से जल्द ही वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होगा। इसके लिए राजस्थान पेट्रो जोन में भूखण्डो के आंवटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड की ओर से स्थापित की जा रही इस रिफाइनरी से निकलने वाले डाउन स्ट्रीम उत्पादों का उपयोग नये उद्योगों के लिये कच्चे माल के रूप में हो सकेगा। इसके लिए रीको की ओर से स्थापित राजस्थान पेट्रो जोन–आरपीजेड के प्रति उद्यमियों का रूझान बढ रहा है। इस परियोजना से प्लास्टिक, रबर, टेक्सटाइल और फार्मेसिट्यूकल निवेश आने की उम्मीद है। इससे राजस्थान अब पेट्रो केमिकल के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बन सकेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे राज्य में निवेश बढेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

......

00000

प्रदेश में निजी मेडिकल कॉलेज अब मनमाने ढंग से फीस की वसूली नहीं कर सकेंगे। उन्हें फीस संरचना के नियमों का कडाई से पालन करना होगा। राज्य सरकार ने इस बारे में कल एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के शासन सचिव अम्बरीश कुमार ने बताया कि छात्रों के हित में फीस वसूली के नियमों में पूरी परदर्शिता रखने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया हैं। उन्होंने बताया कि कुछ निजी मेडिकल कॉलेजों की ओर से अनाधिकृत रूप से अतिरिक्त शुल्क वसूली की शिकायतों के बाद यह आदेश दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा सचिव ने बताया कि यदि किसी संस्था द्वारा अनुमोदित शुल्क से से अधिक किसी भी प्रकार का शुल्क लिया जाता है तो प्रभावित छात्रों को 12 प्रतिशत सालाना ब्याज के साथ शुल्क वापिस करना होगा।

00000

प्रदेश में देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण और प्रोत्साहन राशि योजना' के तहत स्कूटियों का लक्ष्य बढाया गया है। चालू वित्त वर्ष से हर साल अब 1500 स्कूटी के स्थान पर 4 हजार 240 स्कूटी वितरित की जायेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल पर योजना के दायरे को बढाया गया है। राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2025–26 के लिये करीब 56 करोड़ रूपये का बजट स्वीकृत किया है। गौरतलब है कि कॉलेज शिक्षा विभाग की इस योजना में विशेष पिछडा वर्ग की मेधावी छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाता है राजस्थान बोर्ड या सीबीएससी से 12वीं कक्षा में 50 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जाती है। योजना के तहत, जो छात्राएं स्कूटी वितरण की वरीयता सूची में नहीं आ पाती हैं, उन्हें स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर 10 हजार रुपये से लेकर 20 हजार रुपये तक की वार्षिक प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। अब तक, इस योजना से 16 हजार से अधिक छात्राओं को स्कूटी और 19 हजार से अधिक छात्राओं को प्रोत्साहन राशि देकर लाभान्वित किया जा चुका है।

00000

जयपुर, जोधपुर और कोटा के नगर निगमों में प्रशासक नियुक्त किये गये है। राज्य सरकार ने इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी है। 9 नवंबर को इन निगमों में बोर्ड का कार्यकाल पूरा हो जायेगा। इसके बाद प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के लिए संभागीय आयुक्त प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये है। स्वायत्त शासन विभाग के अनुसार ये प्रशासक निर्वाचित बोर्ड के गठन तक सभी कामों का संचालन करेंगे।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 127वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जायेगा।

000

केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली–एन.पी.एस. और एकीकृत पेंशन योजना– यू.पी.एस. के अंतर्गत लाइफ साइकिल–एलसी 75 और बैलेंस्ड लाइफ साइकिल–बी.एल.सी. जैसे निवेश विकल्पों के विस्तार को मंजूरी दे दी है। यह कदम कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही निजी क्षेत्र की तरह निवेश के अधिक लचीले विकल्प की मांग के अनुरूप है। इन विकल्पों का उद्देश्य रिटायरमेंट प्लानिंग में शिथिलता बढाना और कर्मचारियों को अपनी पसंद तथा जोखिम क्षमता के अनुसार निवेश के विकल्प की आजादी देना है। केन्द्र सरकार के कर्मचारी यू.पी.एस. और एन.पी.एस. के तहत अब डिफॉल्ट ऑप्शन जैसे कई निवेश विकल्पों में से चुन सकते हैं।

0000

चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और प्रचार प्रतिनिधियों से चुनाव के दौरान कृत्रिम और एआई–जनित सामग्री का उपयोग ज़िम्मेदारी से करने का आग्रह किया है। एक परामर्श में, आयोग ने चुनाव प्रचार के लिए उपयोग में लाई जा रही कृत्रिम रूप से तैयार या एआई–संशोधित फोटो, ऑडियो और वीडियो तथा डिजिटल रूप से बनी या सिंथेटिक सामग्री के रूप में चिन्हित करने को कहा है, जो दृश्य प्रदर्शन क्षेत्र के कम से कम 10 प्रतिशत हिस्से को कवर करती हो। इसके अतिरिक्त, ऐसी सामग्री को मेटाडेटा या साथ में दिए गए कैप्शन में इसके निर्माण के लिए ज़िम्मेदार संस्था का नाम प्रमुखता से दर्शाना होगा। आयोग ने ऐसी किसी भी सामग्री को प्रकाशित या साझा करने पर भी रोक लगाने का आह्वान किया है जो गैर–कानूनी हो और किसी व्यक्ति की पहचान, रूप या आवाज़ को उसकी सहमति के बिना गलत तरीके से प्रस्तुत करती हो। साथ ही मतदाताओं को गुमराह करने या धोखा देने के इरादे से बनाई गई हो। निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के लिए इस तरह की किसी भी सामग्री को हटाने के लिए 3 घंटे का समय भी अनिवार्य किया है।

0000

नागौर में किन्नरों के अखिल भारतीय महासम्मेलन की आज से शुरूआत हो रही है। दस दिन के इस सम्मेलन के लिए देशभर से किन्नरों का पंहुचना शुरू हो गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कुलदेवी की पूजा अर्चना के साथ कल से इस महासम्मेलन की विधिवत शुरूआत होगी। इस दौरान देशभर से लगभग तीन हजार किन्नर शामिल होंगे। इस दौरान किन्नरों के अधिकारों, उनकी समस्याओं और शिक्षा के प्रचार प्रसार को लेकर चर्चा की जायेगी।

.....

0000

प्रदेश में चल रही वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज विशेष रेलगाडी भरतपुर स्टेशन से रवाना होगी। ये ट्रेन कोटा होते हुए रामेश्वरम और मदुरई की यात्रा करवायेगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस फेरे में कुल 970 श्रद्धालु शामिल होंगे।

.....

0000